दौरा — 2 दिवसीय दौरे पर आई थी विक्टोरिया में डॉक्टर्स की टीम, जिम्मेदार टीम के सत्कार में जुटे रहे

# विकलांग बोर्ड कार्यालय में लटका दिया ताला

▶ बुजुर्ग सहित कई आवेदक जिला अस्पताल विक्टोरिया में हुए परेशान



**नवभारत,जबलपुर।** जिला अस्पताल विक्टोरिया में एक ओर सिविल सर्जन कार्यालय से जिम्मेदारों का समूह क्वालिटी असिस्मेंट को चैक करने अस्पताल पहुंची 3 सदस्यीय टीम का स्वागत सत्कार करने में जुटा रहा तो वहीं दूसरी तरफ विकलांगता का प्रमाण पत्र लेने दूर-दूराज से पहुंचे कई लोग परेशान होते नजर आए। वजह विक्टोरिया अस्पताल के विकलांगता बोर्ड के दरवाजे में ताला लटका नजर आना...विक्टोरिया अस्पताल का दौरा करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम में दो कटनी के और एक दमोह के डॉक्टर शामिल रहे। अपने दोनों पैरों से चलने में असमर्थ 76 वर्षीय बुजर्ग वृद्धा शकुन बाई ने नवभारत को बताया कि वो सिहोरा निवासी है और विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने विक्टोरिया आई है लेकिन विकलांग बोर्ड कार्यालय में ताला लटका हुआ था। इस संबंध में वृद्धा के साथ आए परिजनों ने जब विक्टोरिया अस्पताल के अन्य कर्मचारियों से पूछा तो उनका साफ कहना था कि आप लोग अब घमापुर स्थित कार्यालय जाएं और ऑनलाइन आवेदन करें।

**हर साल होता है दौरा**

जानकारी के अनुसार हर साल क्वालिटी असिस्मेंट चैक करने डॉक्टर्स की टीम जिला अस्पताल विक्टोरिया पहुंचती है और अपना फीडबैक देती है। इस बार टीम ने 2 दिन का दौरा किया और फीडबैक में कहा कि अभी स्थिति ठीक है लेकिन इसे और सुधारा जाए।

**सिर्फ विक्टोरिया में बनता है विकलांगता प्रमाण पत्र**

गौरतलब है कि जिला अस्पताल विक्टोरिया में सिविल सर्जन के माध्यम से विकलांग प्रमाण पत्र बनाया जाता है। इसके अलावा और कोई डॉक्टर को इसे जारी करने का अधिकार नहीं है। जिससे जिले भर के लोगों को विक्टोरिया अस्पताल में विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आना पड़ता है लेकिन ऐसे में कार्यालय में उन्हें ताला लटका मिले तो उनके हाथ सिर्फ निराशा ही लगती है।

**इनका कहना है**

क्वालिटी असिस्मेंट को चैक करने के लिए दमोह के 2 और कटनी एक एक डॉक्टर की टीम विक्टोरिया अस्पताल पहुंची थी। हो सकता है इस दौरान विकलांग बोर्ड कार्यालय में इस वजह से कोई न हो।

**डॉ. नवीन कोठारी**
**सिविल सर्जन, विक्टोरिया अस्पताल**

## निगम के पेंशनर्स को निगमाध्यक्ष ने दी सौगात

**नवभारत,जबलपुर।** निगमाध्यक्ष रिकुंज विज द्वारा नगर निगम के पेंशनर्स को 2 प्रतिशत मंहगाई राहत सदन की पूर्व प्रत्याशा में प्रदान किये जाने स्वीकृति दी गई है। मध्यप्रदेश राज्य शासन वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ9-2/2025 नियम/चार भोपाल दिनांक 15 अक्टूबर 2025 के अनुसार प्रदेश के पेंशनर्स को 2 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान किये जाने के आदेश प्रसारित किये गए हैं। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संघ द्वारा व्यक्तिगत रूप से निगमाध्यक्ष से मिलकर निगम पेंशनर्स के बढ़े हुए 2 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान किये जाने का आग्रह करते हुए पत्र दिया था। पत्र के परिपेक्ष्य में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को सदन की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान करते हुए पत्र प्रेषित किया गया। जिससे निगम पेंशनर्स को समय रहते इसका लाभ प्राप्त हो सके।

# भोपाल की अवैध कालोनी निर्माण को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** भोपाल की हुजुर तहसील अंतर्गत ग्राम बडखेड़ीकला में अवैध प्लाटिंग किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। दायर जनहित याचिका में आरोप है कि बिना डायवर्सन और टीएनसीपी की अनुमति के उक्त प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित याचिका भोपाल जहांगीराबाद निवासी बृजेश राठौर की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार चौरसिया ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि ग्राम बरखेड़ी कला में अनावेदक एआईएम इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेव्हलपर्स की ओर से अवैध कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि कृषि व शासकीय भूमि पर प्लाटिंग कर उनका विक्रय किया जा रहा है, इसके लिये न तो भूमि का डायवर्सन कराया गया है और न ही टीएनसीपी व नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति ली गई है। उक्त मामले की शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई है। मामले में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, भोपाल कलेक्टर व एआईएम इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेव्हलपर्स को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## स्टेट बार ने नोटरी वकीलों द्वारा शपथ पत्र के लिए अधिक शुल्क लेने पर जताई नाराजगी

एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने नोटरी वकीलों द्वारा शपथ पत्र के लिए अधिक शुल्क वसूले जाने पर नाराजगी जताई है। इस सिलसिले में उन्होंने सभी अधिवक्ता संघों को अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। चेयरमैन गुप्ता ने बताया कि एक के बाद एक कई शिकायतें मिली हैं। जिनसे साफ हुआ है कि प्रदेश के नोटरी अधिवक्ताओं द्वारा नामांकन हेतु आवेदकों को लगने शपथ पत्र व अंडरटेकिंग के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है, जो कि वर्तमान मे परिषद के पंजीयन शुल्क से भी अत्यधिक है। जिसकी वजह से नव नामांकित होने वाले अधिवक्ताओं पर आर्थिक रूप से बोझ पड़ रहा है। स्टेट बार द्वारा प्रदेश के अधिवक्ता संघों को अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश से प्राप्त हो रहे नामांकन आवेदन पत्रों में भारतीय विधिज्ञ परिषद के नियम 15 (1) के अंतर्गत एक शपथ पत्र व भारतीय विधिज्ञ परिषद के निर्देशानुसार जो आवेदक अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण नहीं है उनसे एक अंडरटेकिंग इस आशय की ली जाती है कि वे निर्धारित समयावधि में अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे, निर्धारित समयावधि मे अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण न करने की दशा मे विधि व्यवसाय नहीं करेंगे।

## सैप्टिक टैंक में गिरे बच्चों की मौत पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**नवभारत,जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत मनमोहन नगर के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर के सैप्टिक टैंक में गिरकर हुई 2 मासूम बच्चों की मौत के मामले में मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले मनमोहन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खुले सैप्टिक टैंक में गिरकर विनायक, 12 वर्ष और कान्हा 10 वर्ष की मौत हो गई थी। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि घटना में जनहित में तत्काल संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला माना और जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना/नियमानुसार देय आर्थिक सहायता राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

## चलते ऑटो से गिरे यात्री की मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत साई मंदिर के लगभग 100 मीटर आगे चलते ऑटो से गिरे यात्री की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कपिल चनसोरिया 35 वर्ष निवासी पारस कालोनी पारिजात बिल्डिंग के पीछे कोतवाली ने सूचना दी कि उसके चाचा गोपाल चनसोरिया 53 वर्ष चौकीताल में निवास करते हैं। शाम लगभग 7-30 बजे चाचा गोपाल चनसोरिया सगड़ा साई मंदिर से अपने घर चौकीताल सवारी आटो में बैठकर जा रहे थे रास्ते में साई मंदिर के लगभग 100 मीटर आगे जाकर अनियंत्रित होकर आटो से रोड़ पर गिर गये थे उन्हें सिर में चोट आई थी स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, जिसकी दौरान उपचार के रात 2 बजे मौत हो गई।

## महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया, अमले के बीच मचा हड़कंप



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन एवं प्रशासन संपदा सराफ गुर्जर फील्ड पर निकलीं। उनके इस निरीक्षण कार्यक्रम से बिजली अमले में हड़कंप मच गया। श्रीमती गुर्जर कंपनी में अपनी नियुक्ति के बाद पहली दफा निरीक्षण पर निकली थीं। निरीक्षण के दौरान श्रीमती सराफ ने बिजली अमले को सख्त निर्देश दिए कि वे जनता की शिकायतों और वितरण केंद्र के कामकाज को दुरुस्त रखें। श्रीमती गुर्जर ने लम्हेटाघाट स्थित 33/11 केंट?ही उपकेंद्र एवं भेड़ाघाट स्थित वितरण केंद्र व कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का मुआयना किया। श्रीमती गुर्जर ने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं पर सही समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो सीधी कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती गुर्जर ने आपूर्ति व्यवस्था, उपकरणों की स्थिति, रखरखाव और सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करते हुए उपभोक्ता सेवा रिकॉर्ड, बिलिंग प्रक्रिया व फील्ड निरीक्षण रिपोर्ट को लेकर निर्देश दिए। वहीं, वितरण व्यवस्था, कार्यालयीन अभिलेख, उपस्थिति रजिस्टर को अपडेट करने के साथ ही शिकायत निवारण प्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने हिदायत दी कि एवं सुरक्षा उपकरणों के मेंटेनेंस और रिकॉर्ड प्रबंधन में कोताही न बरती जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से सीधी जुड़ी सेवाओं पर त्वरित रूप से कार्य करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य महाप्रबंधक संपदा सराफ गुर्जर के साथ मुख्य अतिरिक्त महाप्रबंधक,प्रशासन एसके गिरिया, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण वृत्त नीरज कुचया, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## घर पर चलाए बम, धमाके के साथ लगी आग

▶ तोड़फोड़ कर भागे बदमाश प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** चरगवां थाना अंतर्गत भड़पुरा में बदमाशों ने एक घर पर फटाका बम चला दिए जिससे जोरदार धमाके के साथ आग लग गई इसके बाद बदमाश घर का गेट तोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दयाराम बर्मन निवासी भड़पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका घर भड़पुरा के शुरूआत में रोड के किनारे से बना हुआ है। बीती रात करीब 10 बजे वह अपने घर के अंदर था तभी घर के बाहर रोड पर से फटाखे चलने की आवाज आई तो वह बाहर निकल कर देखा तो रितेश राजपूत निवासी खैरी का अपने दोस्तों के साथ फटाका फोड़ रहा था जिसे उसे अपने घर के सामने फटाका फोड़ने से मना किया क्योंकि उसके पिता बीमार रहते है इसके बाद वह घर के अंदर आ गया तभी कुछ देर बाद रितेश और उसका दोस्त बाहर से फटाके सुलगाकर रोड से उसके घर के अंदर फेंक दिये जिससे घर के अंदर तेज आवाज हुई और जिससे घर के लोग डर गये और घर के अंदर फटाका फटने से घर में लगे पर्दा में आग भड़क गई और पर्दा जल गया। वह और भाई राजाराम बाहर निकले तो देखा कि रितेश राजपूत और उसका दोस्त धर के दरवाजे में तोड़फोड़ कर गिरा दिए और भाग गए।

## कार अड़ाकर रोका, युवतियों को धमकाया, मारपीट, तोड़फोड़

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने पहले कार सवार युवतियों को रोका और फिर सेराराह उन्हें धमकाते हुए उनके साथ मारपीट की। इसके बाद कार से उनकी कार में टक्कर मार तोड़फोड़ कर भाग गए। झड़प के दौरान एक युवती की सोने की चैन गिर गई जो नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ऋषिता चौहान निवासी घमापुर बाई का बगीचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात 1:20 बजे वह अपनी दोस्त शैफाली को उसके घर छोड़ने के लिये अपनी कार से जा रही थी । सेण्ट एलासिस स्कूल के पास से एक कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 4051 का चालक उसकी कार का पीछा करते हुये आ रहा था जैसे ही वह एसबीआई बैंक सिविल लाईन के सामने पहुंचे तो कार चालक ने तेजी से चलाकर लाया और उसकी कार के सामने अपनी कार लाकर खड़ा कर दिया। कार में तीन लड़के बैठे हुये थे कार चालक कार से उतर कर आया और उसकी कार की खिड़की के पास आकर उसे धमकाने लगा। कार की चाबी निकाल ली और उसके चहरे पर मुक्का मार दिया। उसकी दोस्त कार से उतरी और कार चालक को धक्का मारा तो जिससे कार चालक जमीन पर गिर गया था। कहने लगा कि मेरा नाम ओम यादव है जान से खत्म कर दूंगा। इसे बाद उसकी दोस्त शैफाली के साथ भी मारपीट की। झड़प के दौरान उसकी सोने की चैन गिर गई जो नहीं मिली। ओम यादव का एक दोस्त आया शैफाली अयाम के साथ भी विवाद कर शैफाली को धक्का मार दिया। इसके बाद सभी कार में बैठे और उसकी कार में टक्कर मारकर भाग गए जिससे कार के बंपर दो टुकडो में टूट गया।

## हथियारों से लैस गुंडों ने मचाया उपद्रव, मां-बेटी घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत पंचकुईया ठक्करग्राम में हथियारों से लैस गुंडों ने एक घर में घुसकर जमकर उपद्रव मचाया। तोड़फोड़ करने के साथ मां-बेटी को धमकाते हुए मारपीट कर भाग गए। पुलिस के मुताबिक नसरीन सैफी निवासी पंचकुईया ठक्कर ग्राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति नवाज सैफी ठेले में चप्पल बेचते है बेटा शबाब सैफी दिल्ली में रहता है। सईद उसकी मौसी की लड़की रूबिना का पति है। सईद से विवाद चल रहा है। बीती रात करीब 10:30 बजे सईद उसका मित्र मोनू उर्फ चूहा व दिलशाद हाथों में हथियार लिये हुये घर के अंदर घुसे। पति, पुत्र को ढूढने लगे। सभी हाथों में धारदार हथियार लिए हुए थे तोड़फोड़ कर उसे धमकाते लगे। मां नाजरा एवं उसके साथ मारपीट की। जाते समय बोल रहे थे कि शबाब सैफी को बुलाओं नही तो जान से खत्म कर देंगे । सईद, मोनू, दिलशाद के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## चलती ट्रेन में हत्या करने वाला गिरफ्तार



**जबलपुर।** चलती ट्रेन में चाकू से 42 वार कर हत्या करने वाले आरोपी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि 27 अक्टूबर को उदना एक्स से बनखेडी की यात्रा के दौरान यात्री के मामा ससुर गोविन्द रघुवंशी व्दारा शेलेंद्र हार्डिया पिता अरविंद हार्डिया 34 वर्ष निवासी पिपरिया रोड रेलवे गेट के पास बनखेड़ी थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम मप्र को चाकू से मौत के घाट उतार दिया गया था। आरोपी गोविंद रघुवंशी व्दारा उधना एक्सप्रेस में घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। जिसे जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित गोविंद रघुवंशी पिता हिम्मत सिंह रघुवंशी 39 वर्ष निवासी ग्राम मरकाढ़ाना पिपरिया नर्मदापुरम ने बताया कि भांजी सोनम रघुवंशी एवं शेलेंद्र हार्डिया का केस सतना में चल रहा था जो आये दिन पेशी में जा जाकर में परेशान हो गया था। जिसके चलते उसने शेलेंद्र हार्डिया को जान से मारने की योजना बनाई। सतना से जिस गाड़ी में शेलेंद्र हार्डिया चढ़ा था उसी गाड़ी में पीछा करते हुये वह भी चढ़ गया और सही मौका देखकर शेलेंद्र हार्डिया पर 40 से 42 बार चाकू से हमला किया जिससे शैलेंद्र हार्डिया ट्रेन की गैलरी में अचेत होकर गिर पढ़ा शेलेंद्र को मारने के बाद चेन पुलिंग कर गोसलपुर आउटर में ट्रेन से उतरकर भाग गया और पटरी से लगे धान के खेत में झाड़ियो की आड़ में जाकर छुप गया और खून भरे कपड़ो को झाड़ियों में फेंक दिया था। आरोपी के कब्जे से बैग व घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया।

## पेट दर्द से त्रस्त बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में पेट दर्द से त्रस्त बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक अंचल पटैल 35 वर्ष निवासी वृंदावन नगर मदरटेरेसा ने सूचना दी कि उसके दादा हरप्रसाद पटैल 85 वर्ष को लगभग 2 माह से पेट में दर्द की बीमारी से अत्याधिक परेशान रहते थे जिनका उपचार चल रहा था लेकिन आराम नहीं लग रहा था। बुधवार सुबह उसके पिता रामशंकर पटैल दुकान चले गये थे वह भी काम पर चला गया था तभी दादा हरप्रसाद पटेल अपने कमरे में छत में पंखे की राड से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

## तीन घरों के टूटे ताले, जेवर, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** गोराबजार थाना अंतर्गत भोंगाद्वार कुलाना मोहल्ला में चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया चोर जेवर, नकदी चुराकर ले गए।पुलिस ने बताया कि रामू यादव 24 वर्ष निवासी भोंगाद्वार कुलाना मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट काम करता है उसका स्वंय का मकान ग्राम उमरिया भीटा टेमर में है जहां पर आना जाना करता है भाभी रोशनी यादव वहां रहती हैं परन्तु रात में अकेले होने के कारण भाभी रात में पास में ही रहने वाली नानी के घर सोने चली जाती है वह भीटा वाले घर में ताला बंद करके कुलाना मोहल्ला भोंगाद्वार वाले घर चला गया था एवं भाभी भी पड़ौस में चली गयी थीं सुबह लगभग 10 बजे आकर मेन गेट का ताला खोल कर देखा मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था अंदर कमरे में लोहे की आलमारी का ताला टूटा था उसने भाभी एवं परिजनों को बुलाया भाभी ने चैक किया आलमारी के लॉकर में रखे सोने की बाली, चांदी की एक जोड़ी पायल, 1 अंगूठी, नगदी 6 हजार रूपये गायब थे, उसके कमरे में आलमारी में रखी चांदी की 8 जोड़ी पायल, 3 खुचना, 2 चैन, एक जोड़ी पायल, सोने की एक नथनी, नगदी 10 हजार रूपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है उसे जानकारी मिली कि गांव के निकुंज कुमार पाण्डे एवं उनके घर के सामने बने मकान के ताले भी टूटे थे।

## सट्टा लिखते सटोरिया पकड़ाया

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने सट्टा लिखते सटोरिये को रंग हाथों पकड़ा है। जिसके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक डाक्टर सैन की गली मुन्ना होटल के पास दबिश देकर सट्टा पट्टी लिखकर दांव लगा रहे सटोरिए मो. मुस्ताक उर्फ चुम्मा 40 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम मुन्ना होटल के गली हनुमानताल को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 2 सट्टी पट्टी एवं नगदी 4 हजार 200 रूपये जब्त किए गए।

## मकान में सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना पर पुलिस की रेड

जांच में नहीं मिला अनैतिक गतिविधियों का सबूत, पूछताछ के बाद मालिक, किरायेदार, युवक को छोड़ा



**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी में एक मकान पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली कि यहां लंबे समय से सेक्स रैकेट चल रहा है स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दबिश जांच पड़ताल की इसके बाद बुजुर्ग मकान मालिक, किराएदार महिला और एक युवक को पकड़कर थाने ले गई जहां पूछताछ के बाद तीनों को छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौके पर ऐसी कोई आपत्तिजनक चीज नहीं मिली है और न ही अनैतिक गतिविधयां संचालित होने जैसे कोई सबूत मिले है। पूछताछ के बाद तीनों को छोड़ दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सरस्वती कॉलोनी में एक मकान में अनैतिक गतिविधयां संचालित होने की सूचना पुलिस को दी गई थी।

रहवासियों का आरोप था कि यहां पिछले दो वर्षों से सेक्स रैकिट चल रहा है जिसके चलते रहवासी परेशान है। रात में संदिग्ध व्यक्तियों का आना-जाना लगा रहता था। टीआई मानस द्विवेदी ने बताया कि मामले की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची मकान मालिक, किरादार महिला समेत एक युवक से पूछताछ की गई जांच पड़ताल हुई लेकिन वहां अनैतिक गतिविधियां संचालित होना नहीं पाया गया जिसके बाद तीनों को छोड़ दिया गया है।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत शारदा चौक एलआईसी के पास हुए सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि राहुल महरोलिया 39 वर्ष निवासी बाबू कालोनी सर्वेन्ट क्वाटर गढा को शारदा चौक एलआईसी के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण इलाज के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के मौत हो गई।

## 200 से अधिक फ्री होल्ड की फाइलें पड़ी हैं लंबित : नेता प्रतिपक्ष



**नवभारत,जबलपुर।** सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड के अंतर्गत आने वाले राईट टाउन, नेपियर टाउन एवं गोलबाजार क्षेत्र की जमीन को फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया कि विगत दो वर्षों से अधिक निगम द्वारा फ्री-होल्ड की स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही जिससे आम जनता तो परेशान है । साथ ही नगर निगम को राजस्व की हानि हो रही है। लगभग 200 से अधिक फ्री-होल्ड की फाईलें लंबित हैं। कार्यवाही नहीं शुरू की गई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा । ज्ञापन सौंपते समय नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, पार्षद गुड्डू तामसेतवार एवं बब्लू राय उपस्थित रहे ।

अनदेखी — जोरदार टक्कर के बाद चकनाचूर हालत में सड़क किनारे छोड़ दी गई कार

# मेडिकल रोड पर एक सप्ताह से खड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार



**जबलपुर, नवभारत।** मेडिकल कॉलेज से भेड़ाघाट बायपास मार्ग पर एक ऑल्टो कार पिछले एक सप्ताह से दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में लावारिस पड़ी हुई है, जो न सिर्फ सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता की पोल भी खोल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह कार पेड़ से जोरदार टक्कर के बाद चकनाचूर हालत में सड़क किनारे छोड़ दी गई। कार की सामने की ग्रिल और गेट पूरी तरह टूटे हुए हैं, नंबर प्लेट गायब है, और गाड़ी के दरवाजे खुले पड़े हैं, जिससे अपराधियों द्वारा दुरुपयोग, चोरी या असामाजिक गतिविधियों का खतरा बना हुआ है। राहगीरों का कहना है कि रात के समय यह लावारिस कार अनहोनी का कारण भी बन सकती है।

**बन सकती है दुर्घटना का कारण**

आसपास के लोगो की माने तो यह एकाएक दुर्घटनाग्रस्त कार दिखने पर चालकों की नजर पर असमंजस्य की स्थिति पैदा करती है और वाहनों की दिशा में बाधा भी उत्पन्न कर रही है। स्थानीय जनता ने सवाल उठाया है कि जब कार की हालत स्पष्ट रूप से दुर्घटना दर्शा रही है, तो पुलिस और नगर निगम ने अब तक उसे उठाने की कार्रवाई क्यों नहीं की? सवाल यह भी है कि उक्त कार किसकी है और यहाँ क्यों छोड़ी गई? एक सप्ताह से खड़ी इस कार की किसी भी एजेंसी द्वारा न तो क्रेन से हटाने की कोशिश की गई और न ही सुरक्षा घेरा लगाया गया।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। गढ़ा थाने से इसपर जानकारी लेकर इस कार को तत्काल हटवाया जाएगा।

**संतोष कुमार शुक्ला,**
**डीएसपी, यातायात**

## उखरी चौक तक की सड़क का डामलीकरण कार्य शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** एम.आर. 4 रोड मेहता पेट्रोल पंप के पास से उखरी चौराहा की ओर की सड़क का लगभग 48 लाख रूपये की लागत से डामलीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ये पूरे कार्य नगर निगम के इंजीनियरों की उपस्थिति में किए जा रहे हैं। मतलब साफ है कि शहरवासियों को अब जल्द ही एक और सुंदर सड़क की सौगात मिलने वाली है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि सड़कों के निर्माण कार्य के साथ-साथ तेजगति से पैचवर्क के कार्य भी उच्चगुणवत्ता के साथ कराये जा रहे हैं। साथ ही निगमायुक्मत ने ये भी कहा कि सड़कों के निर्माण कार्यों और सुधार कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया



कि एम.आर. 4 रोड मेहता पेट्रोल पंप के पास से उखरी चौराहा की ओर लगभग 48 लाख रूपये की लागत से डामलीकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसकी लम्बाई लगभग 900 मीटर, चौड़ाई 7 मीटर की है। उन्होंने बताया कि बहुत शीघ्र ही इसका कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। डामलीकरण के मौके पर गुणवत्ता की परख करने कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक यंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय, एवं उपयंत्री अंजली सिंह चौहान, शुभम रजक आदि मौजूद रहे।